# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# रामलला हुए 'बालकराम', पहले दर्शन के लिए उमड़ी ऐसी भीड़ कि जितने अंदर, उतने ही बाहर

## राम मंदिर में पहले दिन उमड़ा भक्तों का हुजूम, सुरक्षाकर्मियों को नियंत्रित करने में करनी पड़ी मशक्कत

### अयोध्या आने वाली बसें रोकी, सीएम योगी पहुंचे, गृह सचिव, डीजी ने देखी व्यवस्था

*रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को उनका नामकरण भी हो गया। रामलला को बालक राम नाम दिया गया है। उनकी एक झलक पाने राममंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब दिखाई दिया। मंगलवार को पहले ही दिन करीब साढ़े तीन लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए और इतने ही रामभक्त इंतजार में खड़े हैं। इस दौरान धक्कामुक्की में कई लोगों को चोट भी लग गई। इधर, अयोध्या में आने वाली बसों को रोक दिया गया है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, गृह सचिव और डीजी अयोध्या में मौजूद रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला की नई मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक दिन बाद मंगलवार को जनता के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा और उन्हें नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस दौरान हुई धक्का मुक्की में एक श्रद्धालु बेहोश हो गया। अनेक दर्शनार्थी सोमवार देर रात से ही कतार में लग गए थे। राम मंदिर के कपाट आम जनता के लिए मंगलवार सुबह खुल गए। दिन चढ़ने के साथ भीड़ भी बढ़ने लगी और लोग मुख्य प्रवेश द्वार की ओर बढ़ने लगे। भगवान राम के चित्र वाले झंडे लेकर और जय श्री राम के नारे लगाते हुए भक्त ▸▸ शेष पेज 6 पर

### अयोध्या आने वाले सभी रास्ते बंद, पैदल आ रहे लोग

अयोध्या मंदिर की ओर आने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ खबर है कि अयोध्या आने वाली सभी बसों को रोक दिया गया है। मंदिर की ओर आने वाले रास्तों को चार से पांच किमी पहले बंद किया गया है।

### मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास की अपील- धैर्य बनाए रखें

अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास बोले, मैं सभी भक्तों को आश्वस्त करता हूं कि वे रामलला के दर्शन कर सकेंगे, दर्शन लगातार जारी है। मैं श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।




### रामलला के विग्रह का नाम होगा 'बालक राम'

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की गयी रामलला की मूर्ति को 'बालक राम' के नाम से जाना जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े एक पुजारी अरुण दीक्षित ने बताया कि इस विग्रह का नाम 'बालक राम' इसलिए रखा गया है क्योंकि भगवान पांच वर्ष के बच्चे के रूप में खड़ी मुद्रा में स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भगवान राम की मूर्ति, जिसका अभिषेक 22 जनवरी को किया गया था, का नाम 'बालक राम' रखा गया है। भगवान राम की मूर्ति का नाम 'बालक राम' रखने का कारण यह है कि वह एक बच्चे की तरह दिखते हैं, जिनकी उम्र पांच साल है।

**सोमवार देर रात से श्रद्धालुओं की कतार**

### पदयात्रा कर पहुंचे छत्तीसगढ़ के सुनील

पदयात्रा करने वाले आठ सदस्यीय समूह के सदस्य सुनील माधो ने कहा, रामलला ने हमें छत्तीसगढ़ से पूरे रास्ते चलने की शक्ति दी। अब वह ही हमें इस भीड़ से निकालेंगे ताकि हम उनका आशीर्वाद ले सकें। कुछ दिन पहले अयोध्या पहुंचे महाराष्ट्र के मूल निवासी गोपाल कृष्ण ने कहा,हम कुछ दिन पहले यहां आए थे क्योंकि भगवान राम ने हमें बुलाया था। लोग हमें यात्रा न करने के लिए कह रहे थे क्योंकि पुलिस यात्रा पर प्रतिबंध लगा देगी और होटलों में कमरे उपलब्ध नहीं होंगे। हम एक आश्रम में रह रहे हैं और यही वह दिन है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। गोपाल कृष्ण के साथ उनके कुछ दोस्त भी थे जिनके साथ उन्होंने चार पहिया वाहन से अकोला जिले से अयोध्या तक की यात्रा की।



**बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे रायपुर**

## अभी त्रेता युग आया है अब द्वापर की तैयारी



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पं. धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लिया। शास्त्री ने उन्हें मामा कहा।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

5 दिवसीय हनुमंत कथा करने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंगलवार को राजधानी पहुंचे। माना एयरपोर्ट पर श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, सभी सनातनी हिंदुओं ने त्रेता युग प्रारंभ किया, अब द्वापर युग की तैयारी है। छत्तीसगढ़ में भी जितना धर्मांतरण हो रहा है, उसे रोका ▸▸ शेष पेज 6 पर

- राम शब्द का आपके हिसाब से क्या मतलब है?
- पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, राम का मतलब 3 अक्षर में भारत है।
- अयोध्या के ऐतिहासिक राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब क्या?
- अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी है।






## बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा भारत रत्न



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी कर ये जानकारी दी गई। कर्पूरी ठाकुर की बुधवार को होने वाली 100वीं जन्म जयंती से पहले उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का ऐलान किया गया है। जनता दल यूनाइटेड ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग की थी. इस ऐलान के बाद जेडीयू न ▸▸ शेष पेज 6 पर

### कौन थे कर्पूरी ठाकुर?


कर्पूरी ठाकुर का जन्म समस्तीपुर जिले के पितौझिया गांव में हुआ था। पटना से 1940 में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा पास की और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। कर्पूरी ठाकुर ने आचार्य नरेंद्र देव के साथ चलना पसंद किया। इसके बाद उन्होंने समाजवाद का रास्ता चुना और 1942 में गांधी के ▸▸ शेष पेज 6 पर






### नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है।



इससे कुछ हफ्तों पहले एक अन्य चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया था। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 'एक्स' पर यह खबर साझा करते हुए कहा, कूनो के नए शावक! नामीबियाई चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे कुछ हफ्तों पहले नामीबियाई चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। उन्होंने पोस्ट में कहा, अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले सभी वन्यजीव योद्धाओं और देशभर के वन्यजीव प्रेमियों को बधाई। भारत का वन्य जीवन समृद्ध हो।

### कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन 25 से

**नई दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज करने के मकसद से 25 जनवरी से देश भर में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। इनमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बूथ से लेकर राज्य स्तर



तक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में जोश भरने का प्रयास करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे कार्यकर्ता हमारी पार्टी की रीढ़ हैं। 2024 के चुनावों के लिए कांग्रेस आने वाले कुछ हफ्तों में विभिन्न राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी।




MADE IN INDIA

STARSHINE
QUALITY THAT MATTERS




**STAR SHINE SMART TV** loaded with

WebOS
Operating system

Magic Remote

ThinQ AI
Voice Comand

3 Years
Warranty*

* T&C APPLY

ATUL PUBLICITY

Mob. No.: 83055 82399

starshine.co.in

DEALER | BILASPUR :- MASANGANJ : Akash Store, Saluja Computer Service 9302722444 • RAIGARH : Anupam Lifestyle 9981166102 | JASPUR : Ghar Sansar Electronics 9303414666, Gupta Watch & Electronics 9329332148, New Seo Electronics 9329703232 | SARANGARH : Shaily Music & Electronics 7389754643 | PANDARIYA : Gupta Electronics & Radio Center 9893534533 , Om Traders & Electronics 9981237294 | KATGHORA : Krishna Enterprises 9826438599 | AKALTARA : Virendra Electronics 89329653963 |SAKTI : MK Sales 9329816661 | BAIKUNTHPUR : Raja Enterprises 7828004800 | PATHALGAON : Vikas Electronics 9893239795 | KUNKURI : Surabhi Electronics 9425278902 | CHIRMIRI : Vidya Shree Electronics 7000103397, Anshul Electronic & Electrical 9009155313 | KORBA : Shri Balaji Electronic 919303396111 | Laxmi Fancy & Light Store 7000619515, Om Prakash Electronics 9827188721 | MUNGELI: Kotadiya Marketing -9826670114 .



बिलासपुर

बुधवार 24 जनवरी 2024

पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी

वर्ष : 23, अंक : 334

पृष्ठ : 10+4 = 14, मूल्य : 4.00***

मौसम

अधि. 18.8

न्यून. 15.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राष्ट्रीय बालिका दिवस



haribhoomi.com







# खरीदी के लिए बचे सिर्फ चार दिन, तीन लाख किसान नहीं बेच पाए धान, बढ़ेगी तारीख!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केवल चार दिन बचे हैं। इस बीच लाखों की संख्या में ऐसे किसान भी हैं जिन्होंने अब तक एक बार भी धान नहीं बेचा है। यही नहीं, जिन किसानों ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान बेचा है उन्हें भी प्रति एकड़ एक क्विंटल अतिरिक्त धान बेचना है। यह खरीदी अभी शुरू नहीं हो पाई है। इधर राज्य में धान खरीदी का लक्ष्य भी पूरा नहीं हुआ है। किसानों और सोसायटियों की ओर से धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग भी सामने आ रही है। राज्य में धान खरीदी की तिथि बढ़ाने पर सरकार स्तर पर विचार किया जा रहा है। संभावना है कि खरीदी की तारीख बढ़ेगी।

अलग खबर

### अब तक 127 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

राज्य में पिछले साल 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बीच अब तक कुल मिलाकर 22 लाख 97 हजार 476 किसानों ने धान बेचा है। इन किसानों से 127 लाख 62 हजार 546 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो पाई है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी के साथ 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा था। लेकिन भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने की घोषणा की है। इतनी मात्रा में खरीदी होने पर धान खरीदी करीब 150 लाख मीट्रिक टन हो सकती है, लेकिन धान खरीदी की तिथि 31 जनवरी को खत्म हो रही है। अवकाश के दिनों को छोड़ दिया जाए तो केवल चार दिन बचे हैं।

### तिथि बढ़ाने सरकार स्तर पर किया जा रहा है विचार



### बढ़ेगी तारीख- भाजपा किसान मोर्चा

भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास का कहना है कि धान खरीदी की तिथि बढ़ाने के संबंध में मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री से चर्चा हो चुकी है। वजह ये है कि किसानों ने देरी से धान बेचना शुरू किया है। हम लोगों ने सोसायटियों और जिलों से धान खरीदी,लक्ष्य संबंधी पूरी जानकारी ली है। धान खरीदी की तिथि बढ़ेगी, कितने दिन के लिए बढ़ाई जाएगी इस पर शासन स्तर पर विचार किया जा रहा है।

### लाखों किसान नहीं बेच पाए हैं धान

छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन में धान बेचने के लिए 26 लाख 60 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। अब तक करीब तीन लाख किसानों ने धान नहीं बेचा है। सोसाटियों से संबंधित लोगों का कहना है कि किसानों को 31 जनवरी तक खरीदी के लिए टोकन जारी हो ▶▶ शेष पेज 6 पर

### धान खरीदी की अवधि बढ़ाएं

कांग्रेस से जुड़े किसान नेता उधो वर्मा का कहना है कि नियत तिथि 31 जनवरी तक पूरी धान खरीदी हो पाना असंभव है। उनका कहना है कि लगातार मौसम खराब और बारिश की वजह से अब तक 12से 15 दिन धान खरीदी नहीं हो पाई है। लगातार छुट्टी के वजह ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नवीन जिंदल को 20 फरवरी तक विदेश यात्रा की अनुमति



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता और उद्योगपति नवीन जिंदल को एक से 20 फरवरी तक अमेरिका, ब्रिटेन, इटली और स्पेन सहित कई देशों की यात्रा करने की मंगलवार को अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने जिंदल के आवेदन को यह कहते हुए स्वीकार कर लिया कि उन्होंने अतीत में कई बार विदेश यात्रा की थी।

### सात रेलवे कर्मियों, निजी कंपनी के खिलाफ केस



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में 2016 से 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दो करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

### हुडा रिफंड 'घोटाला' में ईडी की छापेमारी



**चंडीगढ़।** ईडी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) में कथित फर्जी रिफंड घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला में कई स्थानों और हिमाचल प्रदेश में एक स्थान पर छापेमारी की। संघीय जांच एजेंसी के अधिकारी इन शहरों में लगभग 18 परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

### युवकों को पीटा, चार पुलिसकर्मी को सजा



**नई दिल्ली।** गुजरात में 4 पुलिसवालों ने लड़कों को खंभे से बांधकर पीटा था। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिसवालों से पूछा- आपको खंभे से बांधकर पीटने का अधिकार किसने दिया। बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- गुजरात हाईकोर्ट ने आपको 14 दिन की सजा सुनाई है, आप उसका आनंद लें। हालांकि कोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी है।

सेंसेक्स 1053 अंक टूटकर 71000 अंक से नीचे फिसला

# सोनी-जी समझौता टूटा, शेयर बाजार गिरा निवेशकों के डूब गए 8.50 लाख करोड़!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने को लेकर चिंता के बीच बिकवाली दबाव देखने को मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क ▶▶ शेष पेज 6 पर



*सोनी और जी की मर्जर डील कैंसिल होने के बाद मंगलवार को शेयर बाजार धड़ाम हो गया। बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा जी एंटरटेनमेंट के शेयर में 30 फीसदी की गिरावट देखी गई। बाजार में गिरावट का असर दिखा और एक ही दिन में निवेशकों के 8.50 लाख करोड़ डूब गए।*

### जी के शेयर 33 फीसदी गिरे

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. का शेयर लगभग 33 प्रतिशत लुढ़क गया। इस बीच, निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में चार प्रतिशत बढ़कर 6,071 करोड़ रहा।

### 10 अरब डॉलर की मर्जर डील टूटी

गौरतलब है कि दो साल से चल रही सोनी ग्रुप और जी एंटरटेनमेंट के बीच 10 अरब डॉलर की मर्जर डील 22 जनवरी को टूट गई। डील समाप्त होने की जानकारी सोनी ने जी एंटरटेनमेंट को टर्मिनेशन लेटर भेजकर दी।

### भारत अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार

भारतीय शेयर बाजार अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। भारत ने हॉन्ग कॉन्ग के शेयर बाजार को पीछे छोड़ते हुए ये मुकाम हासिल किया है।

### गिरावट के 3 प्रमुख कारण

- एचडीएफसी बैंक के शेयर में 3.45 फीसदी की गिरावट रही। सेंसेक्स इंडेक्स में इसका वेटेज ज्यादा है, इस कारण मार्केट की गिरावट में इसका बड़ा योगदान रहा।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 2फीसदी की गिरावट रही है। ब्रोकरेज फर्म सिटी स्टॉक को डाउनग्रेड किया है। इससे भी मार्केट टूटा।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने इस महीने अब तक 13 हजार करोड़ कि बिकवाली की है। इससे बाजार को नुकसान हुआ है।

असम में कांग्रेसियों ने तोड़ी बैरिकेड

# राहुल के खिलाफ केस दर्ज करने सीएम ने दिए निर्देश



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को मंगलवार को गुवाहाटी में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अवरोधक तोड़ दिए। इसके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया।

### भीड़ को उकसाने का आरोप

इस बीच, पुलिस महानिदेशक ने बताया कि गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने व उसका नेतृत्व करने और भीड़ को उकसाने वाले नेताओं और प्रतिभागियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के उकसावे पर मार्ग बदलकर आगे बढ़ने की कोशिश की।

### राहुल बोले- अवरोधक तोड़े लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे

इधर, राहुल गांधी ने शहर के बाहरी इलाके में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, हमने अवरोधक तोड़े हैं लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी यही रास्ता चुना था लेकिन उन्हें (राहुल को) यहां यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई। राहुल ने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को 'बब्बर शेर' बताया।

चार जनवरी को भेजा था प्रस्ताव

# अरविंद वर्मा हाईकोर्ट के जज चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नवनियुक्त जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने मंगलवार को शपथ दिलाई। शपथ के पूर्व राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी वारंट का पाठन किया गया। इस दौरान महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत सिंह चंदेल, एडवोकेट ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 22 पद स्वीकृत अब हो जाएंगे 16 जज

जस्टिस के रूप में श्री वर्मा की नियुक्ति के साथ ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जजों की संख्या 16 हो जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जजों के 22 पद स्वीकृत हैं, लेकिन यहां 22 जजों के बैठने की व्यवस्था नहीं है। चार साल बाद हाईकोर्ट में अब जजों की कुल संख्या 16 तक पहुंच जाएगी।


# ठंड से कांपा उत्तरभारत, छत्तीसगढ़ में शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/रायपुर

उत्तरभारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। देश के कई हिस्सों के साथ छत्तीसगढ़ में मौसम बदल गया है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वहीं बदली और बूंदाबादी ने तापमान को गिरा दिया है।

कोहरे का असर दिल्ली में विमान और ट्रेन की आवाजाही पर पड़ा है। दिल्ली की कई उड़ानों में देरी हुईं, वहीं 28 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कश्मीर भीषण शीत लहर की चपेट में है। घाटी में सोमवार रात को तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि श्रीनगर शहर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 5.3 डिग्री नीचे के तापमान से थोड़ा अधिक है।

### अंबिकापुर में कड़ाके की ठंड, रायगढ़ में भी गिरा पारा



- दिल्ली का न्यूनतम तापमान पहुंचा 6 .9 डिग्री
- हरियाणा-पंजाब के शीतलहर में कमी का कोई संकेत नहीं

### छत्तीसगढ़ में तीन तरह का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं प्रदेश के मध्य भाग में बादल छाए हुए हैं और रात में सामान्य से अधिक तापमान है। बस्तर में ठंड का कोई असर नहीं दिख रहा है।

### रायपुर की फ्लाइट नागपुर और कोलकाता डायवर्ट

रायपुर। उत्तरभारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। देश के कई हिस्सों के साथ छत्तीसगढ़ में मौसम बदल गया है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वहीं बदली और बूंदाबादी ने तापमान को गिरा दिया है। इसके साथ ही कोहरे का असर उड़ानों पर भी पड़ा है। नई दिल्ली से रायपुर आ रही फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट कर दिया गया, वहीं बेंगलुरु से रायपुर आने वाले विमान को कोलकाता भेज दिया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में दो दिशाओं से आने वाली हवा के प्रभाव से रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग संभाग का मौसम मंगलवार को बदल गया। इसके असर से शाम 5.00 बजे रायपुर आने वाली दिल्ली फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट करना पड़ा।

# कनाडा में दो साल ही रह सकेंगे विदेशी छात्र

**ओटावा।** कनाडा ने आवास संकट से निपटने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा पर तत्काल दो वर्ष की समय सीमा तय की है। इस कदम से देश में पढ़ाई करने को इच्छुक भारतीय छात्रों पर असर पड़ सकता है। आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा कि समय सीमा के तहत 2024 में नए अध्ययन वीजा में 35 प्रतिशत की कमी आएगी। इस सीमा के परिणामस्वरूप 2024 में 3,64,000 नए वीजा जारी किए जाने की उम्मीद है। 2023 में करीब 5,60,000 वीजा जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि यह समय सीमा दो वर्ष के लिए लागू रहेगी।

बजट सत्र 31 से, सुरक्षा में चूक के बाद गृह मंत्रालय का फैसला

# सीआईएसएफ जवान करेंगे संसद के दर्शकों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद भवन की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई है। सीआईएसएफ के 140 कर्मियों वाली टुकड़ी अब संसद की कार्रवाई देखने आने वाले दर्शकों और उनके सामान की तलाशी लेगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होना है।

संसद में बजट सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए नई व्यवस्था के तहत संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 140 कर्मियों की टुकड़ी तैनात की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जूतों, बेल्ट और जैकेट की भी होगी जांच

सूत्रों का कहना है कि सीआईएसएफ नए और पुराने संसद भवन तक एयरपोर्ट की तरह सुरक्षा प्रदान करेगा, जहां लोगों और उनके सामान की जांच एक्स-रे मशीनों, हाथ से पकड़े जाने वाले डिटेक्टरों के जरिए की जाएगी। यहां तक जूते, भारी जैकेट और बेल्ट को एक ट्रे पर रखकर एक्स-रे स्कैनर से गुजारा जाएगा।



**सीआईएसएफ में करीब 1.70 लाख कर्मी:** सीआईएसएफ में करीब 1.70 लाख कर्मी हैं। यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आता है। इसके पास देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों के अलावा एयरोस्पेस और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का भी जिम्मा है। साल 2001 में संसद भवन पर हमले के बाद सीआईएसएफ की जीएसबी का गठन किया गया था।

### सदन में कूद गए थे दो व्यक्ति

संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन पिछले साल 13 दिसंबर को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से दो व्यक्ति सदन में कूद गए और कैन से पीले रंग का धुआं फैला दिया तथा नारे लगाए लेकिन सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। इसी वक्त संसद परिसर के बाहर दो अन्य लोगों ने कैन से धुआं फैलाया और नारेबाजी की। घटना के बाद, संसद भवन परिसर की सुरक्षा संबंधी मुद्दों की समग्र समीक्षा और उनमें सुधार के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सिफारिश करने के मकसद से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी।


आयुर्वेद से आयुष्मान | रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

*प्र. मैं अपने बेटे को हाईटॉप सिरप देना चाहता हूं, कृपया हाईटॉप सिरप के सेवन की विधि बताएं। -अनूप कुमार, नरसिंहपुर.*

उ. आप बेटे को रतन्स 'हाईटॉप' सिरप २-२ चम्मच रोजाना सुबह-शाम नियमित रूप से सेवन करवा सकते हैं। साथ ही उन्हें ताड़ासन एवं स्ट्रेचिंग वाले व्यायाम करवाएं।

*प्र. मेरी समस्या यह है कि मेरी शादी की उम्र हो गई है, मुझे शरीर में फूलापन महसूस होता है, क्या करूं? -रवीना, जबलपुर.*

उ. आप रतन के 'ओबेरिड' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम पानी के साथ सेवन कर सकते हैं। योगा अथवा व्यायाम करें, स्वीट व फैट कम लें। कैप्सूल का ९० दिनों का नियमित सेवन बहुत अच्छे परिणाम देता है।

*प्र. हम अपने बेटे के बिस्तर गीला करने की समस्या से परेशान हैं। उपाय सुझाएं। -अरूणा, रायपुर.*

उ. बेडवेटिंग की समस्या के लिए आप उन्हें रतन का 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम नियमित रूप से दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाएं।

*प्र. मुझे शौच के समय मल के साथ खून जाता है। कमज़ोरी आती जा रही है। आयुर्वेदिक दवा या उपाय सुझाएं। -जुगल, विदिशा.*

उ. मिर्च-मसालों का अधिक सेवन भी समस्या के लिए उत्तरदायी हो सकता है। समस्या के लिए आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२, सुबह-शाम पानी के साथ नियमित १ माह तक सेवन कर सकते हैं।

*प्र. शरीर में उचित आकर्षण की कमी है, कृपया योग्य उपाय बताएं। -एक पाठिका, छिंदवाड़ा.*

उ. आप रतन के 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल व 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल्स का तीन माह का कोर्स नियमित रूप से कर सकते हैं।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग वैद्यकीय मार्गदर्शन में करें.

ratan ayurvedic




Ratan's सुडोल बॉडी टोनर जैल

आयुर्वेदिक औषधि

HELPLINE 77728-77722

Unique ID : MP25D/17/564/A/23/163

प्रमुख आयुर्वेदिक व मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध.

Buy online: www.ratanayurvedic.com

Jan-3

## चिंतन

# सोलर ऊर्जा क्षेत्र में होगा नया 'सूर्योदय'

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना बिजली बचत क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो सकती है। घरेलू और सरकारी व निजी दफ्तर में अगर रोशनी के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग व्यापक स्तर पर होने लगे तो लाखों मेगावाट बिजली की बचत हो सकती है। भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की सोमवार को शुरूआत की है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाएगी। भारत में लगभग 31 करोड़ परिवार हैं, शुरू में सरकार ने एक करोड़ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर में सोलर सिस्टम लगाने का फैसला किया है। इस योजना को बहुत पहले शुरू किया जाना था। अभी केंद्र सरकार सोलर एनर्जी से जुड़ी योजना 'नेशनल रूफटॉप स्कीम' चला रही है। इस योजना के तहत अगर आप अपनी छत पर सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से 40 फीसदी सब्सिडी (प्रति किलोवाट 14,588 रुपये) दी जाती है। रूफटॉप सोलर योजना फेज-2 के तहत 30 नवंबर 2023 तक देश में रूफटॉप सोलर से 2,651 मेगावाट क्षमता को स्थापित किया जा चुका है। रूफटॉप योजना के सेकेंड फेज को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है। केंद्रीय नवीनीकृत ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में बताया था कि रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के दोनों फेज से अभी 10,407 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। अभी गुजरात, केरल व महाराष्ट्र रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने में आगे हैं। सोलर सिस्टम से प्रदूषण नहीं होता, ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है व पर्यावरण का संरक्षण होता है। सरकार ने बिजली बल्ब बदल कर एलईडी बल्ब के प्रयोग को बढ़ावा देकर बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाया था। कोल व परमाणु से बिजली उत्पादन व वितरण खर्चीला है। बिजली की दर अभी शहरों में पांच से सात रुपये यूनिट है, जो मध्यवर्ग पर बड़ा बोझ है। अगर देश में घरेलू खपत के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा होने लगे तो बड़े पैमाने पर बिजली की बचत होगी। भारत ऐसा देश है, जहां सूर्य की सीधी रोशनी लगभग साल भर उपलब्ध रहती है, ऐसे में सोलर एनर्जी के लिए भारत का एकदम अनुकूल है। देश में सभी घरों पर जो करीब 31 करोड़ हैं, सभी सरकारी व निजी दफ्तरों, जो करोड़ों में हैं, पर अगर सोलर सिस्टम लग जाए तो बिजली बचत के मामले में क्रांति आ जाएगी। भारत जिस तेजी से वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ आगे बढ़ रहा है, उसमें सोलर एनर्जी की भूमिका अहम है। बेशक कांग्रेस ने भारत सरकार की सूर्योदय योजना को एक और जुमला कहा है, लेकिन सोलर एनर्जी योजना की पहली शुरूआत करने में कांग्रेस सरकार की अतीत में भूमिका रही है। वर्तमान की मोदी सरकार तेजी से सोलर एनर्जी पर काम कर रही है। भारत इंटरनेशनल सोलर एलांयस का भी संस्थापक सदस्य है। सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक एनर्जी व हरित हाइड्रोजन भविष्य के ऊर्जा स्रोत हैं। ये समूचे विश्व के एनर्जी स्पेक्ट्रम को बदलने वाले हैं। खास बात है कि भारत इन सभी अल्टरनेटिव एनर्जी स्रोत के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम होना ही चाहिए। छोटे छोटे कदम से बड़े बदलाव होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने ऐसे ही विजनरी कदमों से देश में बड़े-बड़े बदलाव की पटकथा लिख रहे हैं। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जनधन, डीबीटी, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान निधि, स्वच्छ भारत, हाई-वे, आई-वे, नए एयरपोर्ट, पोर्ट, एलईडी बल्ब, वंदे भारत जैसी हाईस्पीड ट्रेन, रेल ट्रैक आधुनिकीकरण आदि सैकड़ों ऐसी योजनाएं हैं, जिनसे देश परिवर्तन की राह पर है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से सोलर एनर्जी के घरेलू उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें बचतशास्त्र भी है और अर्थशास्त्र भी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

## नेशनल गर्ल चाइल्ड डे

डॉ. मोनिका शर्मा



# बालिकाओं को सशक्त बनाने की मुहिम

बेटियों की खिलखिलाहट हर आंगन की रौनक होती है। उनके बिना किसी भी परिवार में रीति-रिवाज, तीज-त्योहार का इन्द्रधनुष नहीं सजता। बावजूद इसके कितनी ही रीतियां, कुरीतियां बन लाडलियों के लिए बंधन बन गईं। जाने-अनजाने गैर-बराबरी और उपेक्षा का बर्ताव उनके हिस्से आ गए। अपनों ही नहीं परायों की भी मान-मनुहार का जिम्मा उठाने वाली बेटियों को हर मोर्चे पर जद्दोजहद भरे हालात ही मिले और मिल रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे सामाजिक माहौल में तो बेटियों के लिए जिंदगी का संघर्ष कोख से ही शुरू हो जाता है। लाडलियों के जीवन से जुड़ी बातों और हालात को लेकर जागरुकता लाने और बेटियों के जज्बातों को समझने की संवेदनशीलता को पोषित करने के लिए ही 'नेशनल गर्ल चाइल्ड डे' मनाया जाता है। ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के हिस्से के रूप में इसकी शुरुआत की गई थी। भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा से जुड़े उद्देश्यों से जुड़ी यह मुहिम वाकई कारगर सिद्ध हुई है। यह दिन बेटियों के सामने आने वाली चुनौतियों एवं अधिकारों के संरक्षण को लेकर चेतना लाने वाला है। व्यावहारिक और भावनात्मक पहलुओं पर सहयोग करने, बेटे-बेटी का भेदभाव मिटाने और लाडलियों को आगे बढ़ने के अवसर मुहैया करवाने का संदेश देता है। सुखद है कि अब जीवन से जुड़े इन पक्षों पर बदलाव देखने को मिल रहा है। परिवार ही नहीं समाज में बिटिया के सत्कार की सोच बढ़ी है। आमजन की बदलती मानसिकता ने कोख से लेकर कामकाजी क्षेत्र तक, बालिकाओं के लिए नया परिवेश बनाया है। दरअसल, हमारे यहां मौजूद पितृसत्तात्मक परिवेश, सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संरचना के तयशुदा मापदंडों के चलते बालिकाएं अपने सहज मानवीय अधिकारों से ही नहीं संवैधानिक अधिकारों को उपभोग करने में भी पीछे रही हैं। बाल विवाह, कम उम्र में ही घरेलू जिम्मेदारियां, किशोर गर्भावस्था, पढ़ाई छूटने और स्वास्थ्य की संभाल जैसे अनगिनत मोर्चों पर बेटियों के हिस्से तकलीफदेह स्थितियां रही हैं। ऐसे में यह घर-परिवार के बदलते माहौल की ही बानगी है कि बेटियों के स्वागत-सत्कार का सहज भाव-चाव हमारे सामने है। लाडलियों के प्रति चाव और लगाव दोनों बढ़े हैं। उनके प्रति सम्मान और स्वीकार्यता से जुड़े व्यवहार में आया बदलाव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। बच्चियों को बचपन से ही समानता और अपनेपन का परिवेश मिल रहा है।

सबसे बड़ा बदलाव तो बेटी को दुनिया में लाने की सोच को लेकर आया है। बेटी के जन्म पर नाखुशी जाहिर करने के बजाय उनके भविष्य के लिए भी सपने संजोये जाने लगे हैं। कभी लड़कियों के प्रति रूखा बर्ताव रखने वाले समाज में अब बिटिया को गोद लेने वाले परिवार बढ़ रहे हैं। धीरे धीरे ही सही पर अब सामाजिक परिवेश में में बेटे-बेटी के बीच भेदभाव खत्म हो रहा है। 'जेंडर बायस्ड' सोच की समाप्त होती जड़ता लाडलियों से भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती दे रही है। पारिवारिक परिवेश में उनके लिए स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने और आगे बढ़ने के मार्ग खुल रहे हैं। सामाजिक माहौल में सामर्थ्य की स्वीकार्यता का भाव आया है। यही वजह है कि कर्तव्य पथ की कदमताल से लेकर तकनीक और अन्तरिक्ष की दुनिया तक बेटियों की प्रभावी उपस्थिति दिखने लगी है। बालिकाओं के सशक्तीकरण को संबोधित यह दिवस देश की आधी आबादी के भविष्य की बेहतर बुनियाद बनाने का उद्देश्य लिए है। हर व्यक्ति, हर परिवार और समग्र व्यवस्था को ऐसे समाज के निर्माण का आधार तैयार करने की ओर प्रवृत्त करता है, जिसमें बेटियों को समान अवसर, सम्मान, सुरक्षा और अपनी क्षमता के अनुसार भरपूर अवसर मिल सकें। समावेशी भविष्य की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने वाली यह मुहिम बेटियों के जीवन को हर पक्ष पर मजबूती देने वाली है। लाडलियों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें शिक्षित, सफल और सजग व्यक्तित्व की धनी नागरिक बनने का परिवेश बनाती है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जयंती विशेष

नरेन्द्र मोदी

# सच्चे जननायक थे कर्पूरी ठाकुर

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। आज भले ही कर्पूरी ठाकुर हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानी समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठे हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें, लेकिन कर्पूरी जी ने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया। सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था। अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस



विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए। डेमाक्रेसी, डिबेट और डिस्कशन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा थे। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए कर्पूरी ठाकुर ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। उनके विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जरूर गौरवान्वित होते। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

(लेखक प्रधानमंत्री, भारत सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। *-श्रीरामकृष्ण परमहंस*


## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा: तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला: दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला: तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला: खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोला: शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राम उत्साह और प्रमाणिकता का प्रतीक है

कोई भी व्यक्ति किसी कार्य को करते हुए यदि बारबार असफल होता है तो एक बात उसे प्राय: कही जाती है- अरे! यह भी क्या,तुम इस तरह बार बार असफल कैसे होते हो,क्या तुमारे भीतर में राम नही है। सफल होने के लिए भीतर में धैर्य,उत्साह, सहस और स्फूर्ति का होना नितांत जरूरी है। भीतर में राम है तो कोई भी कार्य अकरणीय नही करेगा। राम राम ही थे। आज कोई ऐसा महामानव नही दिखाई देता है जो राम के बराबर खड़ा किया जा सके। राम की महिमा सर्वत्र है। राम भारतवर्ष को मिल गए है। राम की प्राणप्रतिष्ठा के बाद देश में आस्था का सैलाब देखा। उससे यह प्रतीत होता है कि राम से बढ़कर दुनिया में कुछ नही है। राम के साथ सलंग्नता जीवन का सार्थकता और सफलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# इजराइल में मना रामलला प्राण- प्रतिष्ठा का जश्न



इजराइल में रह रहे सैकड़ों भारतीयों ने अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव विशेष पूजा अर्चना आयोजित कर मनाया। इन भारतीयों में अधिकतर तेलंगाना राज्य के मूल निवासी हैं। अयोध्या के राममंदिर में सोमवार को रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने से पहले शनिवार को, इसके उपलक्ष्य में तेल अवीव के बीट दानी हॉल में इजराइल में स्थित तेलंगाना एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भजन और कीर्तन हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर करीब 300 लोगों को भारतीय व्यंजन परोसे गये। इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि सोम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'प्रत्येक हिंदू को इस अद्भुत क्षण का इंतजार था, जो आखिरकार साकार हुआ। यह एक अवर्णनीय खुशी है क्योंकि मैंने नहीं सोचा था कि मेरे जीवनकाल में ऐसा होगा।' कार्यक्रम का संचालन तेलंगाना के डोडल स्वामी ने किया, जिन्होंने मुख्य आयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों कुछ प्रतिभागियों ने कहा कि यह इजराइल में समुदाय द्वारा आयोजित सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है और यह बहुत कम समय में आयोजित किया जो उनके उत्साह को प्रदर्शित करता है।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के हैं अपने कई फायदे



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है - चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

## ट्रेंड

### 2024 निर्णायक वर्ष होगा



2024 वैश्विक स्वास्थ्य और इसके लिए एक निर्णायक वर्ष होगा। अगले चार वर्षों के लिए विश्व की वैश्विक स्वास्थ्य रणनीति। निवेश दौर के माध्यम से डब्ल्यूएचओ का भविष्य। जैसे ही कार्यकारी बोर्ड आज एकत्र हुआ, मैंने उनसे इन अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

-टेड्रोस, यूएन महासचिव

### ज्येष्ठ जनों का आदर हो



ज्येष्ठ जनों का आदर नित्य हो। हमारी मनोवृत्तियां, स्वभाव, आचरण और समग्र चरित्र ऐसा हो कि हम सदैव दूसरों का आदर करें। बड़े मात्र आयु और अनुभव में ही बड़े नहीं है अपितु अनुभव और परंपरा के संवाहक हैं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### हमारा कार्यकर्ता डरता नहीं



असम में जिस रास्ते पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलनी थी वहीं से बजरंग दल और नड्डा जी की रैली निकली लेकिन हमें रोका गया। कांग्रेस के बब्बर शेरों ने बैरिकेड ढहा दिए। हमारा कार्यकर्ता किसी से कमजोर नहीं, किसी से डरता नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### राम की अद्वितीय उपस्थिति



भारतीय जीवन के हर पहलू में 'राम' की अद्वितीय उपस्थिति है- दुःख में: 'हे राम' दर्द में: 'अरे राम', दुर्भाग्य में 'हे राम', अभिवादन में: 'राम राम', शपथ में: 'राम कसम', अनिश्चितता में: 'राम भरोसे', सुशासन के लिए: 'राम राज्य', मृत्यु में: 'राम नाम सत्य।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



# गर्भगृह में स्थापना के लिए 'चयनित' दूसरी मूर्ति की तस्वीर भी आई सामने


एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा बड़े हर्षोल्लास के साथ 22 जनवरी को स्थापित हो चुकी है। इस दौरान पूरे देश में उत्सव का माहौल था। हर मंदिर और घर-घर में राम नाम के दीपक जलाए गए और दीवाली मनाई गई। मैसूर के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा कृष्णशिला पर निर्मित मूर्ति मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित की गई है। आपको बता दें कि गर्भ गृह में रामलला की मूर्ति स्थापित करने के लिए तीन मूर्तियां बनाई गईं थीं। शास्त्रों में वर्णन है निलांबुजम श्याममम कोमलांगम... इसलिए श्यामल रंग की ही श्रीराम की मूर्ति को गर्भ गृह में स्थान दिया गया है। बताते चलें कि उत्तर भारत में ज्यादातर मूर्तियां सफेद संगमरमर या अष्टधातु से बनाई जाती हैं, लेकिन दक्षिण भारत में मूर्तियां श्याम रंग की होती हैं।

## अब प्रथम तल पर लगेगी रामलला की सफेद पत्थर से बनी यह दूसरी मूर्ति

*राम मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित प्रतिमा की ऊंचाई 51 इंच बहुत सोच समझकर रखी गई है। अमूमन भारत में 5 साल के बच्चे की लंबाई 51 इंच के आस-पास होती है। साथ ही 51 शुभ अंक माना जाता है। यही वजह है कि र्भगृह में स्थापित होने वाली मूर्ति का आकार भी 51 इंच रखा गया है। गर्भ गृह में स्थापित मूर्ति का निर्माण शालीग्राम पत्थर को तराशकर हुआ है। बताते चलें कि आमतौर पर नदियों की तलहटी में पाया जाने वाला शालीग्राम एक प्रकार का जीवाश्म पत्थर है। श्याम शिला की आयु हजारों साल होती है। ये जल रोधी होता है। इसी कारण से चंदन-रोली लगाने के बाद भी मूर्ति की चमक सालों साल प्रभावित नहीं होती है।*

**प्रतिमा की ऊंचाई 51 इंच**




### श्वेत वर्ण की मूर्ति

दूसरी मूर्ति की सामने आई तस्वीर में दिख रहा है कि वह श्वेत वर्ण की है। इसमें भगवान राम के चरणों में हनुमान जी भी विराजित हैं, वहीं, भगवान विष्णु के अवतारों को चारों तरफ बनाया गया है। इसमें भगवान विष्णु के 10 अवतार 1-मत्स्य, 2- कूर्म, 3- वराह, 4- नरसिंह, 5-वामन, 6- परशुराम, 7- राम, 8- कृष्ण, 9- बुद्ध और 10वां कल्कि अवतार की आकृतियां भी बनाई गई हैं।

### मूर्तिकार सत्य नारायण पांडे ने बनाई है दूसरी मूर्ति

ऐसे में आप सोच रहे होंगे कि गर्भ गृह में स्थापित करने के लिए चयनित नहीं हो सकीं बाकी दो मूर्तियों का क्या होगा? तो हम आपको बता देते हैं कि अलंकृत रामलला के दूसरा विग्रह की तस्वीर भी अब सामने आ चुकी है। इसे प्रथम तल पर लगाया जा सकता है। इस मूर्ति को सत्य नारायण पांडे ने बनाया है। यह उन तीन मूर्तियों में शामिल है, जिन्हें गर्भगृह में स्थापित करने के लिए गढ़ा गया था। मगर, कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की मूर्ति गर्भ गृह के लिए चयनित होने के बाद अब शेष दो मूर्तियों को मंदिर में अन्य स्थानों पर जगह दी जाएगी।

### तीसरी प्रतिमा का अब तक खुलासा नहीं

वहीं, तीसरे विग्रह के बारे में प्रतीक्षा की जा रही है। इसे कर्नाटक के गणेश भट्ट ने बनाया है। हालांकि, तीसरी मूर्ति भी तैयार है, लेकिन अभी उसकी तस्वीर सार्वजनिक नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि उसे भी राम मंदिर में ही स्थापित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सरकार को सौंपें सीएम जयललिता के आभूषण



**बेंगलुरू।** बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने तमिलनाडु की पूर्व सीएम जयललिता के सोने और हीरे के आभूषण तमिलनाडु सरकार को ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। इसके बाद अब तमिलनाडु सरकार ही इन आभूषणों को लेकर कोई अंतिम फैसला करेगी। जयललिता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये आभूषण बतौर सबूत अदालत में पेश किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जयललिता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की सुनवाई बेंगलुरु में हुई थी। उस दौरान मामले से संबंधित सभी दस्तावेज और अन्य सामान कोर्ट की कस्टडी में आ गया था। जयललिता के सोने और हीरे के आभूषण भी उसी सामान का हिस्सा हैं। सोमवार को दिए अपने आदेश में बेंगलुरु की कोर्ट के जज एच ए मोहन ने कहा कि जयललिता के सगे-संबंधी जब्त सामान के उत्तराधिकारी नहीं हैं। जयललिता की संबंधियों जे दीपा और जे दीपक द्वारा इन आभूषणों की दावेदारी की गई थी, लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। कोर्ट ने आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को ट्रांसफर करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु गृह विभाग के सचिव स्तर के अधिकारी पुलिस के साथ बेंगलुरु आकर आभूषणों को अपने साथ ले जा सकते हैं। साथ ही कोर्ट ने कहा कि कर्नाटक राज्य में मामले की सुनवाई पर हुए खर्च के एवज में कर्नाटक को पांच करोड़ रुपये मिलेंगे।

### पर्यटन : श्रीलंका से जुड़ेगा धनुषकोडी



**नई दिल्ली।** पर्यटन, अध्यात्म और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार जल्द ही भारत और श्रीलंका के बीच एक नए पुल का निर्माण करने की योजना बना रही है। पुल भारत के धनुषकोडी को श्रीलंका के तलाईमन्नार से जोड़ेगा। बता दें, यह वही जगह है जिसे हिंदु मान्यताओं के अनुसार रामसेतु कहा जाता है। जुलाई 2022 में श्रीलंकाई राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे की दिल्ली यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका त्रिंकोमाली और कोलंबो के बंदरगाहों तक भूमि पहुंच के विकास की व्यवहारिकता की जांच के लिए सहमत हुए थे।

### रेलवे के तीन कर्मचारियों को ट्रेन ने कुचला, मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई के पास एक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से पश्चिमी रेलवे के तीन कर्मचरियों की मौत हो गई। रेलवे की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ये कर्मचारी सिग्नल से संबंधित समस्या ठीक कर रहे थे। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अफसर ने बताया कि यह घटना सोमवार रात 8.55 पर वसई रोड और नायगांव स्टेशन के बीच हुई। लोकट ट्रेन चर्चगेट की ओर जा रही थी।

## शुक्रवार को मनाया जाएगा 75वां गणतंत्र दिवस

# पहली बार तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी, झांकियों में भी नारी शक्ति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

समूचा राष्ट्र इस वर्ष 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस साल के समारोह के मुख्य अतिथि हैं। यह गणतंत्र दिवस हमारे लिए कई मायनों में खास होने जा रहा है। इसमें दिखाई जाने वाली झांकियों से लेकर परेड और थीम तक के केंद्र में महिलाएं हैं।

इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका' रखी गई है। जैसा कि इस साल के गणतंत्र दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित है तो परेड में महिलाओं का अब तक का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। रक्षा सचिव अरमाने ने जानकारी दी है कि परेड की शुरुआत सैन्य बैंड के साथ होती आई है लेकिन इस बार देशभर की 100 महिला सांस्कृतिक कलाकार पारंपरिक वाद्यों के साथ परेड की शुरुआत करेंगी।

**खास बातें**

- इस बार की परेड में महिला फाइटर पायलट भी शामिल
- इस परेड में 48 महिला अग्निवीर भी ले रही हैं हिस्सा



**परेड की खासियत :** परेड की अन्य खासियतों की बात करें तो पहली बार तीनों सेनाओं की एक महिला टुकड़ी भी मार्च करेगी। केंद्रीय सशस्त्र बलों की टुकड़ियों में भी महिलाकर्मी शामिल होंगी। इस बार के परेड में महिला फाइटर पायलटों को भी शामिल किया गया है। इस परेड में 48 महिला अग्निवीर भी हिस्सा ले रहीं है।

### ये करेंगी नेतृत्व

*गणतंत्र दिवस परेड में कैप्टन शरण्या राव थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस में अतिथि के तौर पर पीएम मोदी के साथ शामिल रहीं स्क्वॉड्रन लीडर सुमिता यादव भी इस परेड में हिस्सा ले रहीं है। स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर गणतंत्र दिवस परेड में भारतीय वायुसेना की मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। उनके साथ स्क्वाड्रन लीडर सुमिता यादव और स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी। फ्लाइट लेफ्टिनेंट सृष्टि वर्मा त्रि-सेवा दल के सुपर न्यूमैरेरी अफसर के तौर पर मार्चिंग करेंगी।*

### 16 राज्यों की झाकियां

परेड में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और नौ मंत्रालयों की झांकियां दिखाई जाएंगी। ये राज्य उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, लद्दाख, तमिलनाडु, गुजरात, मेघालय, झारखंड और तेलंगाना हैं। इसके अलावा नौ केंद्र सरकार के नौ मंत्रालयों की झांकिया भी कर्तव्य पथ पर चलेगी। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रंगशाला में इन्हें अंतिम रूप दिया गया है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति मुख्य अतिथि

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। परेड में फ्रांस की 95 सदस्यीय मार्चिंग टीम और 33 सदस्यीय बैंड दल भी शिरकत करेगा। भारतीय वायु सेना के विमानों के साथ एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान और फ्रांसीसी वायुसेना के दो राफेल लड़ाकू जेट भी फ्लाई-पास्ट में हिस्सा लेंगे। इस साल परेड में शामिल होने के लिए लगभग 13 हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है।

### ये है कार्यक्रम

शुक्रवार को देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका' रखी गई है। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ (पहले राजपथ कहा जाता था) पर ध्वजारोहण करेंगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह अमर जवान ज्योति पर श्रद्धांजलि देंगे।

## अराकन सेना से बचने मिजोरम में किया था प्रवेश

# भारत ने म्यांमार के 184 सैनिकों को वापस भेजा

एजेंसी ▶▶| आइजोल

भारत ने पिछले हफ्ते एक जातीय विद्रोह समूह के साथ मुठभेड़ के बाद मिजोरम आए म्यांमार के 184 सैनिकों को वापस उनके देश भेज दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। असम राइफल्स के अधिकारी के अनुसार कुल 276 सैनिक मिजोरम आए थे, उनमें से 184 सैनिकों को वापस भेज दिया गया है।

अराकन सैनिकों द्वारा उनके कैंप पर कब्जा करने के बाद वे भाग कर मिजोरम की तरफ आ गए। सैनिकों को पर्व में असम राइफल्स कैंप लाया गया और बाद में उनमें से अधिकांश को लुंग्लेई में स्थानांतरित कर दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि सैनिकों को असम राइफल्स की



देखरेख में रखा गया है। 276 सैनिकों को शनिवार और रविवार को आइजोल लाया गया था।

### अबतक 635 सैनिक आ चुके हैं भारत

म्यांमार सैनिकों के समूह में 36 अधिकारी वर्ग और 240 निचले स्तर के कार्मिक शामिल हैं। अबतक म्यांमार के 635 सैनिक भागकर मिजोरम आ चुके हैं। उनमें से 359 सैनिकों को उनके देश वापस भेज दिया गया है।

### अब भी यहीं हैं 92 सैनिक

असम राइफल्स की एक अधिकारी ने बताया कि 184 सैनिकों को मिजोरम के लेंगपुई हवाईअड्डे से पड़ोसी देश के राखीन राज्य में सिटवे तक म्यांमार वायु सेना के विमानों पर भेजा गया था। उन्होंने आगे कहा कि बाकी के 92 सैनिकों को मंगलवार को भेज दिया जाएगा। बता दें कि 17 जनवरी को हथियारों और गोला-बारूद से लैस म्यांमार के सैनिक दक्षिणी मिजोरम के लॉन्ग्टलाई जिले में घुस आए थे। भारत-म्यांमार-बांग्लादेश ट्राइजंक्शन पर बांडुकबंगा गांव में घुसे तमाम सैनिक असम राइफल्स के पास पहुंचे।

# 'अपमान के बावजूद मैंने इंडिया की मीटिंग में हिस्सा लिया'

**टीएमसी चीफ ममता ने लगाया आरोप** | बोलीं- लेफ्ट पार्टियां इंडिया के एजेंडे को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की सीटों के बटवारे को लेकर चल रही लड़ाई के बीच विपक्ष के गठबंधन पर टूट अब चर्चाएं तेज हो गई है। वहीं अब तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कोलकाता में आयोजित सर्वधर्म सद्भाव रैली में बिना पार्टी का नाम लिए कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि - 'लेफ्ट पार्टियां इंडिया के एजेंडे को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही हैं। मैं यह स्वीकार नहीं करूंगी।' इस दौरान ममता ने



इंडिया गठबंधन में सीटों के बटवारे को लेकर असहमति जताई। ममता बनर्जी ने कहा – 'मैं उन लोगों से सहमत नहीं हो सकती, जिनके साथ मैंने 34 साल तक संघर्ष किया है। इतने अपमान के बावजूद मैंने इंडिया की मीटिंग में हिस्सा लिया।'

### कांग्रेस पर साधा निशाना

लोकसभा चुनाव की सीटों के बटवारे पर चल रहे संघर्ष के बीच ममता ने कहा की – 'कांग्रेस पार्टी को क्षेत्रीय पार्टियों के लिए कुछ खास इलाकों को छोड़ देना चाहिए। कांग्रेस चाहे तो 300 लोकसभा सीटों पर भी चुनाव लड़ ले। हम उनकी मदद करेंगे। हम उन सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेंगे।' आगे बोलते हुए ममता ने कांग्रेस पर तंज कसा और कहा की -'टीएमसी के पास भाजपा से चुनाव में मुकाबला करने की ताकत भी है और जनाधार भी है। लेकिन कुछ लोग सीट शेयरिंग पर हमारी बात सुनना नहीं चाहते हैं।'

## बिहार में बड़ी हलचल

### राज्यपाल से मिले सीएम नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार की सियासत में एक बार सियासी हलचल है। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर से राजभवन पहुंचकर तकरीबन 40 मिनट मुलाकात की है। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ मंत्री विजय चौधरी भी थे। इससे पहले जेडीयू ने कांग्रेस के उस दावे को खारिज किया था जिसमें कहा गया था कि बिहार सीएम राहुल गांधी की सभा में शामिल होने वाले हैं। जेडीयू एमएलसी खालिद अनवर ने यह साफ किया है कि नीतीश कुमार ऐसी किसी सभा में शामिल होने नहीं जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से बिहार का सियासी पारा काफी हाई माना जा रहा है। इसकी एक अहम वजह गृहमंत्री अमित शाह का वो बयान भी था जिसमें गृहमंत्री ने नीतीश के एनडीए में आने की संभावना के सवाल पर कहा था कि ऐसा प्रस्ताव आता है तो गौर किया जाएगा। बैठक में क्या हुआ?

### विप्रो जीई हेल्थकेयर व भारतीय विज्ञान संस्थान में समझौता

**नई दिल्ली।** वैश्विक चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो जीई हेल्थकेयर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध बढ़ाने और प्रौद्योगिकी के विकास को लेकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस) के साथ शुरुआती समझौता किया है। विप्रो जीई हेल्थकेयर ने मंगलवार को बयान में कहा कि इस समझौता ज्ञापन का मकसद नवोन्मेष परिवेश में सुधार और स्थानीय विनिर्माण में तेजी लाने के लिए रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम मेधा और 5जी जैसे उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उद्योग और अकादमिक संस्थान के बीच ज्ञान साझा करना है। सहयोग में मूल और व्यावहारिक विज्ञान, सिस्टम इंजीनियरिंग, उत्पाद और सॉफ्टवेयर विकास, परामर्श और प्रकाशन, अकादमिक अध्ययन, इंटर्नशिप, फेलोशिप और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में सह-विकास पहल शामिल है।

# आसपास अल्पसंख्यक हैं, इसलिए नहीं रोक सकते समारोह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**मंदिरों में पूजा पर रोक मामला**

- तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार




सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की ओर से जारी कथित मौखिक आदेश पर आपत्ति जताई, जिसमें अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण व राज्य में मंदिरों में पूजा-भजन पर प्रतिबंध लगा दिया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, राज्य के अधिकारी इस आधार पर पूजा और समारोह के आवेदन को खारिज नहीं कर सकते कि आसपास के इलाकों में अल्पसंख्यक रह रहे हैं। पीठ ने तमिलनाडु के अतिरिक्त महाधिवक्ता अमित आनंद तिवारी से कहा, हम स्पष्ट करते हैं... इस कारण से ऐसा न करें। यह कोई आधार नहीं हो सकता।

आप डाटा रखिए। कितने आवेदनों को अनुमति दी गई या कितने अस्वीकृत किए गए। कारण यही है, तो आप दिक्कत में पड़ जाएंगे। अदालत ने चेन्नई निवासी विनोज की ओर से दायर याचिका पर तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया। तिवारी ने कहा, ऐसा कोई मौखिक आदेश जारी नहीं किया है। कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। यह राजनीति से प्रेरित है। पीठ ने कहा, हम मानते और विश्वास करते हैं कि अधिकारी कानून के अनुसार काम करेंगे, न कि किसी मौखिक निर्देश के आधार पर। अधिकारियों को कानून के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड भी बनाए रखना चाहिए। उन्हें दी गई अर्जियों की जांच करनी चाहिए और स्पष्ट आदेश पारित करना चाहिए।

## सरकार ने सोने-चांदी के आयात पर ड्यूटी बढ़ाकर 15 फीसदी की, कीमतों पर होगा असर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बजट से पहले ही सोने और चांदी के ऊपर बड़ा फैसला ले लिया है। वित्त मंत्रालय ने सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी बढ़ा दी है और इसको 12.50 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है।

इसके अलावा कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर भी कस्टम ड्यूटी में इजाफा कर दिया है। सोने और चांदी से जुड़े छोटे कंपोनेंट्स और प्रीशियस मेटल



कैटालिस्ट या कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर आयात ड्यूटी में ये बदलाव देखा गया है। सोने-चांदी के आयात ड्यूटी अब बदलकर 15 फीसदी कर दी गई है जिसमें 10 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी होगी और 5 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) शामिल हैं। हालांकि इस पर लगने वाले सोशल वैलफेयर सेस (एसडब्ल्यूएस) में कोई इजाफा नहीं किया गया है।

## ताकत नहीं छोड़ना चाहते शक्तिशाली देश

*टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने किया हिंदुस्तान का समर्थन*

# भारत का संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य न होना बेतुका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। एलन मस्क ने भारत को अब तक स्थायी सीट नहीं मिलने को 'बेतुका' बताया और कहा कि जिन देशों के पास



जरूरत से ज्यादा शक्ति है, वे इसे छोड़ना नहीं चाहते। इस चर्चा को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुरू किया था जिन्होंने सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में किसी भी अफ्रीकी राष्ट्र की अनुपस्थिति के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की थी।

**इजराइली उद्योपति भी भारत से समर्थन में :** एंटोनियो गुटेरेस के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी मूल के इजरायली उद्यम पूंजीपति माइकल ईसेनबर्ग ने भारत के प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि स्थायी सदस्यता के लिए भारत के नाम पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है।

### गुटेरेस के बयान पर प्रतिक्रिया

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए लिखा था कि अफ्रीका के लिए सुरक्षा परिषद में अभी भी एक भी स्थायी सदस्य का अभाव होना कैसे संभव है। इस पर अब एलन मस्क ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद भारत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्य न होना बिल्कुल बकवास है। एलन मस्क ने इस दौरान अफ्रीकी देशों को शामिल किए जाने की मांग को लेकर भी अपना समर्थन जताया।



लोक साहित्य
डा. मृणालिका ओझा


# छत्तीसगढ़ी साहित्य में शिष्ट कथा



छत्तीसगढ़ी साहित्य में शिष्ट कथा, लोक कथा के ठीक विपरीत होती है। कथाकार, कथा वस्तु प्रस्तुत करने के पूर्व अपने पाठक या श्रोता की मानसिकता का ख्याल रखता है, उसकी मनोभूमि को तैयार करता है। इसके लिए वह कभी भूमिका, कभी प्रत्यक्ष घटनाओं का और कभी अन्य किसी माध्यम का सहारा लेता है। वह पाठक के मानस पर देश काल वातावरण का सजीव चित्र प्रस्तुत करने का प्रयास करता है। पाठक या श्रोता को अपनी इस विचार यात्रा में बिल्कुल अपने साथ-साथ रखना चाहता है। वह इस दिशा में सतत प्रयत्नशील होता है कि जिन अनुभूतियों में स्वयं तरंगायित हो रहा है, श्रोता या पाठक भी उन्हीं भाव तरंगों में डूबता उतराता चले। इसके लिए वह शिष्ट कथाओं में विशिष्ट शब्द योजना और वाक्य विन्यास का ध्यान रखता है। कभी कभी सहायक घटनाओं व कथावस्तु से संबंधित संपूर्ण दृश्य को पाठक या श्रोता के सामने ज्यों का त्यों दृश्यमान कर देता है।

पुस्तक समीक्षा

## छन्द बिरवा




कृति के नाव
छन्द बिरवा

कृतिकार
चोवाराम 'बादल'

प्रकाशक
आशु प्रकाशन रायपुर

समीक्षक
कमलेश यादव

मूल्य
एक सौ पचास रूपिया

छत्तीसगढ़ में छंद विधा म बड़ लेखन होवत हे। वोमा सधे हुए लेखक चोवाराम जी आय। आप मन लगातार कतको छंद म अपन कलम चवात हौ। अपन ऐ कृति छंद बिरवा म अइसने आने आने छंद म लिखके छत्तीसगढ़ी शब्दकोष ल घलो समृद्ध करे के बूता करत हव। देखन तुंहर ए कुंडलिया छंद ला-

बादर पानी जाड़ हा, अबड़े कभू बिटोय।
खड़े फसल पाला परे, देखत आत्मा रोय।
देखत आत्मा रोय, बाढ़गे करजा हावय।
परय नहीं जी नींद, अन्न पानी नइ भावय।

बड़ सुघ्घ्र सुघ्घर रचना आपके कृति म समाहित हे।
आपके ऐ संग्रह ह नवा छंद लिखैय्या मन ल रद्दा जरूर देखाही।



थानूराम बंसोर को भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण 20 वर्ष की अल्पायु में 1942 में अंग्रेजी हुकूमत द्वारा भारतीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिए गए, जिसमें छः माह की सजा हुई। रायपुर जेल में कैदियों के कपड़े पहनने के विरोध में आंदोलन कर कई दिनों तक निर्वस्त्र रहे।

# धमतरी अंचल के स्वतंत्रता सेनानी थानूराम बंसोर

थानूराम बंसोर का जन्म एक गरीब कंडरा परिवार में सन 1922 में धमतरी अंचल के ग्राम खिसोरा में हुआ था। आपका रूढ़िवादी परिवार बांस से टोकरी बनाने का व्यवसाय कर जीवन यापन करते थे। आप गरीबी के कारण चौथी तक ही अध्ययन कर पाए। आपके पूर्वज छत्तीसगढ़ी नाचा के अच्छे कलाकार थे। इस कारण इसका असर आप पर भी दिखने लगा। आप अपने सहयोगियों से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भाग लेने लगे। पं. सुंदरलाल शर्मा के साथ आप आजादी पर लिखित लोकगीतों को गाकर आजादी का अलख जगाने लगे। भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण 20 वर्ष की अल्पायु में 1942 में अंग्रेजी हुकूमत द्वारा भारतीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिए गए, जिसमें छः माह की सजा हुई। रायपुर जेल में कैदियों के कपड़े पहनने के विरोध में आंदोलन कर कई दिनों तक निर्वस्त्र रहे। जेल से छूटने के बाद गांधीजी के आव्हान पर समाज और देश सेवा के लिए अपने को पूरी तरह से समर्पित कर दिए। आपको शासन द्वारा 15 अगस्त 1997 को स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर ताम्रपत्र से सम्मानित किया गया। आप 'देहात दीपक' नाट्य संस्था के संचालक थे। अच्छे गायक के रूप में भी आपकी पहचान अंचल में बनी। 2006 को आप इस संसार को अलविदा हो गए।




दिवस विशेषः ललित पटेल

# पर्यटकों को आकर्षित करते ठाड़पानी की छटा सुहानी



पर्यटनः डा. पीसी लाल यादव



छत्तीसगढ़ राज्य का नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का पश्चिमी अंतिम छोर साल्हेवारा जहां से मध्यप्रदेश की सीमा जुड़ी हुई है, जंगलों, पहाड़ों व जलप्रपातों को अपने आंचल में समेटे हुए है। इसमें ठाड़पानी जलप्रपात सरई पतेरा यहां प्रमुख आकर्षण के केंद्र हैं जो साल्हेवारा तहसील मुख्यालय से लगभग 20 कि.मी. दूर सरईपतेरा गांव के पास स्थित है। आने-जाने के लिए सरईपतेरा तक 14 कि.मी. पक्की सड़क फिर ठाड़पानी तक 6 कि.मी.की कच्ची सड़क है। ठाड़पानी का जलप्रपात लगभग 100 फुट की ऊंचाई से गिरता है। 'ठाड़' अर्थात सीधा पानी गिरने के कारण इसका नाम ठाड़पानी पड़ा। पिपराही नाला व केकरापानी जलस्त्रोत से निकलने वाला पानी बरसाती नाले के रूप में यहां बहता है, जिससे यहां जलप्रपात का निर्माण होता है। ठाड़पानी झरने का प्राकृतिक स्वर संगीत पैदा कर हृदय को शांति प्रदान करता है। चारों ओर घने जंगल हैं। झरने का आनंद लेने के लिए बड़ी सावधानी से नीचे उतरना पड़ता है। ऊपरी भाग में एक प्राकृतिक गुफा है जहां कंटीले पंख वाले सैंया कुकरी (साही) मिलते हैं। ठाड़पानी जलप्रपात से झरने वाला जल अमरपुर नदी में जाकर मिलता है जो इस क्षेत्र की प्रमुख सुरही नदी की सहायक नदी है। साजा, बीजा, हर्रा, बहेरा, सलिहा, मोन्दे, सागौन, चार, तेंदू आदि पेड़ों से आच्छादित यह जंगल मन को असीम शांति प्रदान करता है।

# महाकोसल और दंडकारण्य



पौराणिकः डा. सत्यभामा आडिल

राजा दशरथ को संतान की प्राप्ति नहीं होने के कारण चिंता होने लगी, कि इतने विशाल साम्राज्य का उत्तराधिकारी कौन बनेगा? फलस्वरूप उन्होंने ऋषियों से मंत्रणा की। महामंत्री सुमंत ने पुत्रेष्ठि यज्ञ करने की सलाह दी। वशिष्ठ जी से राजा दशरथ ने यज्ञ की तैयारी के लिए अनुरोध किया। मुनि वशिष्ठ ने महाकोसल के राजाओं को बुलाने का आदेश दिया। उस समय राजा दशरथ संतान के लिए अश्वमेघ यज्ञ व पुत्रेष्ठि यज्ञ एक साथ संपन्न करने के लिए मुनि वशिष्ठ ने श्रृंगी ऋषि को आमंत्रित किया, क्योंकि उस काल में वही सुयोग्य पुरोहित हो सकते थे। समस्त प्रदेश के राजाओं के नाम के साथ मुनि वशिष्ठ ने विशेष रूप से कोसल नरेश भानुमंत को भी आमंत्रित करते हुए कहा-

तथा कोसलराजानं भानुमंत सुसंस्कृतम।
मगधाधिपति शुरू सर्वशास्त्र निटदम।।

इस यज्ञ में दीक्षा लेते समय महारानी कौशल्या को विशेष महत्व दिया गया। ऋषियों ने समस्त अश्वों को अलग समूहों में बांध दिए थे। राजा दशरथ का उत्तम अश्वरत्न भी वही बांधा गया था। वाल्मीकि रामायण में प्रसंग है-

कौशल्या त्वं हयं तत्र परिचर्य समन्ततः।
कृपाणैर्विश शारैन त्रिमीः परमया मुदा।।

कला जगत
डा. डी. पी. देशमुख



# घुंघची नृत्य की बेजोड़ कलाकारों में रहीं पदमावती

छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य और नाचा की सुप्रसिद्ध कलाकार का जन्म 7 अगस्त 1953 को सिकोलाभाठा दुर्ग में हुआ था। आपका पूरा परिवार लोक कला में पारंगत होने कारण आपको लोक कला विरासत में मिली। आपने जगन्नाथ भट्ट से शास्त्रीय संगीत के माध्यम से नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किए। आपके पति यानेन्द्र भी कलाकार थे। आप अंचल के प्रथम लोक कला मंच चंदैनी गोंदा में अग्र पंक्ति की नृत्यांगना रहीं। लोक नाट्य देवार डेरा की नृत्यांगना समूह में बासंती तथा माया तथा किस्मत बाई के नृत्यों की भावभंगिकाओं के साथ आपने लोक नृत्यों को काफी ऊंचाई दी। आप घुंघची (उल्टा घूमकर) नृत्य में विशेष पारंगत थीं। आपने अंचल के कोने-कोने में अपनी प्रस्तुति दी, साथ ही 18 वर्षों तक देश के विभिन्न प्रदेशों में अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किए। आपके नृत्य कला का अनुसरण आज भी लोक कलाकार करते रहते हैं।



# आजादी की लड़ाई में महन्तों का भी योगदान

सुरता
लखनलाल आडिल

आजादी की लड़ाई में मंदिर के महन्तों ने भी भाग लिया था। महन्त लक्ष्मीनारायण दास रायपुर निवासी थे, आप अंग्रेजों के विरूद्ध खुलकर काम करते थे। पाटन द्वारिकाधीश मंदिर के महन्त गुलाबदासदास ओजस्वी वक्ता थे। अंग्रेजों को छूट गाली देते थे। आप निरक्षर थे पर हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी और उर्दू के जानकार थे वे महन्त नारायण दास को गद्दी पर बिठाए जो मोदहापारा रायपुर के निवासी थे। वे राष्ट्रीय विचारक थे। आपने 1930 में विदेशी वस्तु बहिष्कार आंदोलन में भाग लिए थे। इसके फलस्वरूप आपको एक महीने जेल में रहना पड़ा। आप 1942 के आंदोलन में रायपुर से तथा आपकी धर्म पत्नी रूपा बाई राजनांदगांव से गिरफ्तार हुई। रायपुर जेल में जगह न होने के कारण आप दोनों को संबलपुर जेल भेजा गया। वहां भी जगह न होने के कारण उड़ीसा के कटक भेजे गए और वहीं 9 माह जेल की सजा काटकर दोनों पाटन आए। इसके साथ ही अनेक महन्तों का योगदान आजादी की लड़ाई में रहा, जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता।

## खबर संक्षेप

### 'रग-रग में हैं राम' के नए संस्करण का विमोचन

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान कवि राजेश जैन 'राही' की काव्य-कृति 'रग-रग में हैं राम' के नए संस्करण का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। कृति में प्रभु श्रीराम को समर्पित करते हुए 111 छंद हैं, कृति 7 अध्यायों में है, इसमें प्रभु श्रीराम के वनवास काल के दौरान छत्तीसगढ़ में बिताए गए प्रसंगों को भी बेहद खूबसूरती से छंदबद्ध किया गया है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन से पूर्व कृति का प्रकाशित होकर आना बेहद हर्ष की बात है। कृति की शुभकामना जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता ने लिखी है। कृति प्रतिष्ठित श्वेत वर्णा प्रकाशन दिल्ली से प्रकाशित हुई है, जो ऑनलाइन उपलब्ध है।

### आरोहण खेल व सांस्कृतिक महोत्सव 29 से

रायपुर। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में परिकल्पना को पूर्ण करने में अग्रसर है। विश्वविद्यालय 29 जनवरी से सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आगाज करने जा रहा है, जिसका समापन 4 फरवरी को होगा। महोत्सव में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालय के न्यूनतम 15 वर्ष आयुवर्ग के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम के अनुसार 29 जनवरी से कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, आर्चरी, कैरम, शतरंज, योग, लांग व हाई जंप, शार्ट व मिडिल व लांग डिस्टेंस रेस, रिले व हर्डल रेस, जेवलिन थ्रो खेल में प्रदेश व अन्य प्रदेश के खिलाड़ी विद्यार्थी भी भाग लेंगे। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री भी शिरकत करेंगे। लाइव कन्सर्ट में बॉलीवुड की मशहूर युवा गायिका पावनी पांडेय अपने सुरों से एंटरटेनमेंट करेंगी। 29 जनवरी को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मशाल जलाकर आरोहण-2024 को शुरू करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के फेसबुक एवं यूट्यूब के चैनलों के माध्यम से किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा और मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राजेश तिवारी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### गोदभराई रस्म में शामिल हुए विधायक पुरंदर

रायपुर। राजधानी में मंगलवार को रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने गर्भवती महिलाओं को उपहार में श्रृंगार सामग्री भेंट कर सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद देकर उनकी गोदभराई की रस्म पूरी की। साथ ही नौनिहालों को उन्होंने अपने हाथों से अन्नप्राशन कराया। दरअसल राजधानी रायपुर के मर्लिन चौक के पास दशमेश गार्डन में मंगलवार को गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। विधायक श्री मिश्रा ने करीब 10 महिलाओं की गोदभराई रस्म पूरी की तो वहीं दर्जनभर बच्चों को अन्नप्राशन कराया, जिसके बाद मौजूद गर्भवती महिलाओं को उन्होंने भेंट स्वरूप श्रृंगार सामग्री प्रदान की। उन्होंने अपने हाथों से नौनिहालों को खीर खिलाई। पार्षद डॉ. प्रमोद साहू ने बताया कि विधायक श्री मिश्रा को अपने बीच पाकर महिलाओं में अलग ही खुशी नजर आई।

### तेलीबांधा चौक पर की प्रभु श्रीराम की आरती

रायपुर। प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या तेलीबांधा चौक पर श्रीराम प्रभु की आरती और पूजा-अर्चना की गई। साथ ही प्रसाद वितरण शोभायात्रा निकाली गई। यह कार्यक्रम अदिति वेलफेयर सोसाइटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा का स्वागत आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर किया गया। पूर्णेंद्र सक्सेना ने सोसाइटी के पूजास्थल पर श्रीराम प्रभु के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में राजकुमार श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, डॉ. गोपीचंद सचदेव, लाभ सिंह समेत श्याम नगर मदर टेरेसा वार्ड के नागरिक शामिल हुए।

# प्रभु राम की भक्ति में डूबा छत्तीसगढ़, शहर से लेकर गांव तक बह रही अध्यात्म की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक अध्यात्म और आस्था की गंगा बह रही है। भगवान की भक्ति में हर कोई डूबा हुआ है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजधानी में 5 से 7 दिनों के लिए बड़े स्तर पर प्रवचन हो रहे हैं, जिसमें देश के अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रामकथा और श्रीमद भागवत कथा सुना रहे हैं, वहीं गांव में मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन में गुरुवाणी और आराध्य देवी-देवता के प्रवचन को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

हरिभूमि टीम मंगलवार को शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कथावाचकों के कथास्थलों पर पहुंची। गुढ़ियारी में अनिरुद्धाचार्य महाराज श्रीमद भागवत कथा का पाठ कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को पांचवा दिन रहा, वहीं 23 जनवरी से बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने अपना दरबार सजाया। यहां वे हनुमानजी की कथा सुनाएंगे। शहर में एक साथ दो ऐसे कथावाचकों की कथा हो रही है, जिन्हें सुनने वाले पूरे देशभर में करोड़ों की संख्या में हैं। छत्तीसगढ़ में उनकी कथा होने से प्रदेश के विभिन्न जिलों समेत दूसरे राज्यों से भक्त रायपुर पहुंच रहे हैं। अपने गुरु के आशीर्वचन सुनने सुबह से शाम तक कथावाचन का आनंद उठा रहे हैं।

## प्रभु राम की भक्ति में डूबा छत्तीसगढ़, शहर से लेकर गांव तक बह रही अध्यात्म की गंगा

*राजधानी में देश के ख्यातिप्राप्त कथावाचकों के कथा प्रवचन, लाखों की संख्या में पहुंचे प्रदेशभर से भक्त*



### मई में अम्लेश्वर में होगी श्रीशिव महापुराण कथा

शिवशक्ति समिति की ओर से पाटन के अम्लेश्वर में 27 मई से प्रदीप शर्मा महाराज शिव महापुराण कथा सुनाने आएंगे। इससे पहले फरवरी में बिलासपुर में भी कथा होने की बात कही जा रही है। प्रदीप महाराज को सुनने लाखों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। ऐसे में मई महीने तक पूरे प्रदेश में अध्यात्म की गंगा बहेगी।

### श्रीराम की सुन रहे प्रेरणादायक कथाएं

प्राण प्रतिष्ठा पर श्रीराम के ननिहाल में प्रवचन के जरिए कथावाचक प्रभु की प्रेरणादायक कथा सुना रहे हैं। दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विजय कौशल महाराज श्रीरामकथा का पाठ कर रहे हैं। कथा के जरिए भगवान श्रीराम से जुड़ी कहानियां और रामायण के महत्वपूर्ण बातों को लोगों बता रहे हैं। कथा में प्रभु श्रीराम की भक्ति में हर कोई लीन हो जाता है। 28 जनवरी तक चल रही श्रीरामकथा में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने युवाओं को लेकर कहा कि जीवन में मूल्यवान अवस्था किशोरावस्था होती है, इसलिए जो किशोरावस्था में फिसल गए, उन्हें बुढ़ापे तक कोई नहीं संभाल सकता और जो इस अवस्था में संभल गए, उन्हें कोई हिला नहीं सकता। हर सात साल के बाद हमारी सोच और विचार बदल जाते हैं।

### श्रीकृष्ण की भक्ति में झूम रहे भक्त

राजधानी में गुढ़ियारी इन दिनों धर्मनगरी बन चुकी है। सालभर में तीन से अधिक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक के प्रवचन यहां हो चुके हैं। यहां अनिरुद्धाचार्य महाराज श्रीमद भागवत कथा का पाठ कर रहे हैं। श्रीकृष्ण की कथा और भजनों से भक्त हर दिन प्रभु की भक्ति में झूम रहे हैं। अनिरुद्धाचार्य श्रीकृष्ण से जुड़े प्रसंग सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहने वाले भगवान, भक्तों के साथ अपना स्नेह निभाने खुद आते हैं। ठाकुरजी सिर्फ यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे। ठाकुरजी अपने भक्त से ये भी कहते हैं कि मुझे वो वस्तु अर्पित कर, जो मैंने तुझे कभी नहीं दी। ठाकुरजी कहते हैं, ऐसी कोई वस्तु, जो मैंने तुझे नहीं दी, वह अहंकार है। यह मैंने तुझे नहीं दिया, बल्कि तूने खुद इसे अपने भीतर तैयार किया है। अनिरुद्धाचार्य महाराज ने कहा, भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी हैं। मेरे पास अपना कुछ भी नहीं, जो कुछ भी है, सो मेरे ठाकुरजी का ही है।

## प्रदेश की आधा दर्जन समितियों ने उठाया 10-10 दिनों का जिम्मा

# छत्तीसगढ़ के लोग अयोध्या में रोज छह हजार श्रद्धालुओं को अपने खर्च पर खिलाएंगे खाना

*अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में छत्तीसगढ़ के बड़े योगदान के बाद अब अयोध्या में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं में से रोज छह हजार के खाने का जिम्मा उठाने का काम छत्तीसगढ़ की आधा दर्जन समितियों ने किया है। अयोध्या में माता शबरी के नाम से शबरी शदालय बनाकर वहां पर खाने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए यहां से बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली समिति के 20 सदस्यों के साथ 30 रसोइयों को भी एक बस में हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एक-एक समिति ने 10-10 दिनों का जिम्मा उठाया है। 60 दिनों में 3 लाख 60 हजार श्रद्धालुओं को खाना खिलाने का लक्ष्य है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भगवान श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ ने खुलकर योगदान दिया है। यहां से जहां तीन सौ टन चावल भेजा गया, वहीं 300 टन सब्जियों के साथ और भी बहुत सा सामान भेजा गया। अब अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी छत्तीसगढ़ ने दिल खोलकर काम करने का फैसला किया है।

इन समितियों ने उठाया जिम्मा- अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं में से छह हजार को रोज खाना खिलाने का जिम्मा प्रदेश की छह समितियों ने उठाया है। इन समितियों ने 10-10 दिनों तक अपने खर्च पर खाना खिलाने का फैसला किया है। जो समितियां वहां पर भोजन बनाकर खिलाने का काम करेगी उनमें एग्रोक्रेट सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट सबसे पहले 26 जनवरी से 4 फरवरी, स्वर्गीय पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन 5 से 14 फरवरी, सनातन सेवा समिति 15 से 24 फरवरी, शिव महापुराण सेवा समिति 25 फरवरी से 5 मार्च, नीलांचल सेवा समिति 6 से 15 मार्च, काली माता अन्न दान भंडारा समिति, तक्षत इको फार्म भोरमदेव 16 से 26 मार्च तक वहां पर भंडारा चलाकर खाना खिलाने का काम करेगी। काली माता समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोले ने बताया, रायपुर से अयोध्या के लिए ट्रकों में खाने का कच्चा सामान पहले ही भेजा जा चुका है। अब बुधवार को 30 रसोइयों और पहली समिति के 20 सदस्य भी जा रहे हैं। इसके अलावा समिति के और सदस्य और भाजपा के भी कार्यकर्ता वहां पर सेवा देने के लिए जाएंगे।



**मुख्यमंत्री साय आज करेंगे 30 रसोइयों और 20 कार्यकर्ताओं को बस से रवाना**

### वहां पर खरीदेंगे खाने का सामान

अभी तो पहले चरण में छत्तीसगढ़ से ही खाने का सामान भेजा गया है, लेकिन आगे अयोध्या में ही दाल, चावल, आटा, तेल, सब्जी से लेकर सारा सामान खरीदकर वहां पर खाना बनाया जाएगा। सभी सामान और खाना बनाने का पूरा खर्च समितियां उठाएंगी। जो रसोइया यहां से भेजे जा रहे हैं, वो ही अंत तक रहेंगे, लेकिन जो भी समिति अपने दस दिनों का काम प्रारंभ करेगी, वह समिति रसोइयों को उनकी रोजी का भुगतान करेगी।

**गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान की जनसभा में गरजे टी. राजा**

# रामलला तो एक झांकी है काशी और मथुरा बाकी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान पर आयोजित जनसभा में हैदराबाद के भाजपा विधायक टी. राजा ने हुंकार भरते हुए कहा, रामलला तो एक झांकी है, काशी और मथुरा बाकी है। आज अयोध्या में भव्य राममंदिर बना है, उस राममंदिर के निर्माण के लिए हमें 500 साल का इंतजार करना पड़ा है। 350 लाख रामभक्तों ने अपने प्राणों की आहूति दी, तब जाकर राम मंदिर बना है और देश-विदेश में खुशी की लहर थी, लेकिन इन धर्मांतरण करने वालों को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में हमारी पीढ़ी को यह पता नहीं चलेगा कि भगवान कृष्ण और भगवान रामचंद्रजी कौन थे।

उन्होंने ये भी कहा, हर जिले में धर्म परिवर्तन का काम हो रहा है, लेकिन मेरे रामभक्तों को चिंता करने की आवश्यता नहीं है। कल हमें एक खुशी का अवसर देखने को मिला। जैसे हम लोग कहते थे रामलला तो एक झांकी है, काशी और मथुरा बाकी है। न तुम रामलला का मंदिर बनने से रोक सके और न तुम कृष्ण जी का मंदिर बनने से रोक सकोगे, न ही काशी में भव्य मंदिर बनने से तुम रोक सकोगे। हमने कोर्ट के आदेश पर भव्य राम मंदिर बनवाया और कोर्ट के आदेश पर कृष्ण का मंदिर भी बनवाएंगे। काशी और मथुरा में लगे कलंक को हम मिटाएंगे, कोई ताकत इसे रोक नहीं सकती।

**हिंदू धर्म छोड़कर अन्य धर्म अपनाने वालों को वोट डालने का अधिकार न दें**



### धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ाई लड़ने की जरूरत

टी. राजा ने कहा जितने भी हिंदु सनातनी हैं, सबको एकत्रित होकर धर्मांतरण के खिलाफ एक युद्ध लड़ने की जरूरत है। 2 साल पहले रायपुर के बजरंगियों ने बेहतरीन काम किया था, पुलिस स्टेशन में जाकर जो धर्मांतरण करने आए थे, उनको उनकी भाषा में जवाब दिया। जनसभा में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले की सरकार ने जो पाप किया है, उसका पाप फूटकर आया था और जनता ने उसका जवाब दे दिया। आज प्रदेश की जनता ने भगवे को चुना, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से यह आग्रह करता हूं, हमारे राज्य व हिंदू समाज की रक्षा के लिए जिस तरह से अलग-अलग विंग होते हैं, उसी प्रकार एक कनवर्सन के खिलाफ अलग से विंग होना चाहिए।

### धर्मांतरण करने वालों को वोट डालने का अधिकार न दें

हैदराबाद के विधायक टी. राजा ने जनसभा के माध्यम से राज्य सरकार से निवेदन किया, जो कोई भी धर्मांतरण करेगा, उसे सजा दी जाए। इसके लिए विधानसभा में तत्काल कानून पारित करें। कोई भी व्यक्ति या परिवार जो हिंदू धर्म छोड़कर अन्य धर्म अपनाता हो, तो उसको वोट डालने का अधिकार न दें। तब इनको पता चलेगा कि हिंदू धर्म छोड़ने के बाद कितना बड़ा नुकसान इनको हुआ है। अवधपुरी मैदान पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आयोजित जनसभा से पहले हैदराबाद के विधायक टी. राजा का वार्ड पार्षद विनोद अग्रवाल एवं समिति के अध्यक्ष विकास सेठिया ने सम्मान किया। जनसभा को सुनने बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

# केंद्रीय पूल में चावल जमा करने की धीमी रफ्तार सैकड़ों लॉट हो रहे रिजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी अब तक के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। धान खरीदी के साथ मिलिंग के लिए धान का उठाव हो रहा है। मिलिंग के बाद केंद्रीय पूल में चावल जमा करने को लेकर मिलरों को अधिकृत किया गया है। केंद्रीय पूल में कुल 61 लाख टन चावल जमा करना है। अब तक एफसीआई में 4 लाख 89 हजार मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 9 लाख 24 हजार मीट्रिक टन चावल जमा हुआ है। यह कुल लक्ष्य का 21 प्रतिशत है। बताया जाता है कि मिलरों के द्वारा लाए जा रहे चावल में से सैकड़ों लॉट रिजेक्ट किए जाने के कारण इसमें कमी आई है। चावल की गुणवत्ता जांच में चावल की क्वालिटी को लेकर जो नार्म्स तय हैं, उनमें खरा नहीं उतरने पर वापस कर दिया जा रहा है। राज्य में धान खरीदी का अब एक सप्ताह शेष है। खरीदी केंद्रों से 98 लाख 38 हजार 565 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। इनमें से 83 लाख 15 हजार 849 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलर्स द्वारा किया जा चुका है। मिलिंग के बाद चावल की गुणवत्ता जांच के बाद एफसीआई और नान द्वारा चावल लिया जाता है। एफसीआई में कुल जमा चावल में से अब तक मिलरों के 130 लॉट और नान में 353 लॉट चावल रिजेक्ट किए जा चुके हैं। सबसे अधिक चावल के लॉट नान में रिजेक्ट होने को लेकर कहा जा रहा है कि चावल में मौसम में परिवर्तन के कारण नमी की मात्रा अधिक होने पर उसे वापस कर दिया जा रहा है। बताया जाता है कि आने वाले समय में मौसम में और नमी होने से धान के मिलिंग में ब्रोकन भी बढ़ जाता है।

- नान में सबसे ज्यादा 353 लॉट, एफसीआई में 130 लॉट रिजेक्ट

### इस कारण किया जाता है रिजेक्ट

अधिकारी बताते हैं कि धान की कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा लेने के दौरान उसमें डैमेज, टूटत, डिस्कलर होने के कारण रिजेक्ट कर दिया जाता है। गुणवत्ता जांच में केमिकल पेस्टिंग से होता है। एफसीआई और नान में चावल की गुणवत्ता परखने की विधि लगभग एक समान है। ऐसे में मिलरों को चावल जमा करने में समय लग रहा है।

### 2640 मिलर्स पंजीकृत

प्रदेश में धान खरीदी के बाद मिलिंग के लिए 2640 मिलर्स पंजीकृत किए गए हैं। उनके द्वारा खरीदी केंद्रों से धान का उठाव कर मिलिंग किया जाता है। लगभग एक लाख टन चावल के उठाव का आदेश जारी किए जाने के बाद 80 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव हो पाया है। डीएमओ द्वारा आदेश जारी करने के एक सप्ताह में धान का उठाव करना होता है। मिलिंग के बाद चावल जमा होने में लॉट के रिजेक्शन के कारण मिलिंग की गति धीमी हो गई है।

**कृषि विभाग ने 11 दिन पहले सेजबहार में दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग खाद-बीज विक्रेता के अवैध गोदाम में मारा था छापा**

# नकली खाद प्रकरण में आरोपी के घर विभाग की दबिश, भारी मात्रा में कीटनाशक एवं खाद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के सेजबहार में दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग के नाम पर नकली खाद का कारोबार करने वाले लाइसेंसधारी व्यवसायी अमित शर्मा के सेजबहार स्थित अवैध गोदाम के बाद कृषि विभाग ने ग्राम कांदुल स्थित उसके निवास पर भी छापा मारा है। इस दौरान घर से भारी मात्रा में कीटनाशक दवाएं एवं खाद बरामद की गई है, जिसकी कीमत लाखों में है। विभागीय अधिकारियों ने बरामद कीटनाशक दवाओं और खाद के भी अमानक होने की आशंका जताई है। इसे लेकर उनके सैंपल जांच के लिए लैब भेज गए हैं।

विभाग की सेजबहार अधिकारी कीर्ति साहू के नेतृत्व में विभागीय टीम ने मुजगहन पुलिस के साथ दीक्षा सेल्स एंड मार्केटिंग खाद-बीज विक्रेता अमित शर्मा के कांदुल स्थित घर पर दबिश दी। विभाग की टीम को पहुंचने पर पता चला कि अमित घर को घर की तरह नहीं, बल्कि उसे गोदाम का रूप भी दे रखा था। इसमें कमरों की जगह सिर्फ एक बड़ा हॉल बना हुआ है, जिसकी दीवारें व छत टिन की चादरों से बनाई गई है। हालांकि हॉल के मुख्य गेट की दीवार ईंट-सीमेंट से बनी हुई है। इस तरह अमित ने घर पर अवैध रूप से गोदाम बनाकर वहां अवैध रूप से कीटनाशक दवाओं एवं खाद का भंडारण कर रखा था। इससे पता चलता है कि आरोपी विभाग के साथ पुलिस की आंखों में भी धूल झोंककर घर से ही खाद व कीटनाशक दवाओं का अवैध कारोबार कर रहा था।

- घर को भी गोदाम बना रखा था

### कीटनाशक दवा के साथ भारी मात्रा में पावडर व खाद बरामद

छापामार कार्रवाई के दौरान आरोपी के कांदुल घर से लगभग 3 सौ लीटर कीटनाशक दवा के साथ बड़ी मात्रा में कीटनाशक पावडर के पैकेट तथा खाद बरामद हुई है। इससे पहले सेजबहार स्थित गोदाम से भी 5 सौ से ज्यादा नकली खाद की बोरियां जब्त की गई हैं। इन बोरियों में यूरिया, पोटाश व ग्रोमोर भरा हुआ था।

### सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद लाइसेंस निरस्ती की कार्रवाई

नकली खाद एवं अवैध भंडारण मिलने के बाद विभाग ने आरोपी व्यवसायी के घर को सील कर दिया है, लेकिन विभाग से खाद-कीटनाशक दवा बेचने का मिला लाइसेंस अब तक निरस्त नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि खाद और कीटनाशक दवाओं के सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं।

### एफआईआर दर्ज के बाद भी गिरफ्तारी नहीं

खाद विभाग ने अमानक खाद का कारोबार करने तथा अवैध रूप से गोदाम बनाकर खाद व कीटनाशक का भंडारण किए जाने पर अमित शर्मा के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए मुजगहन थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज किए तीन दिन से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, जबकि आरोपी के लोकेशन की पूरी जानकारी पुलिस को विभागीय अधिकारियों से मिल चुकी है। आरोपी ग्वालियर मध्यप्रदेश क्षेत्र का रहने वाला है। उसका मोबाइल भी चालू है।

### जांच रिपोर्ट आने के बाद लाइसेंस निरस्त होगा

इस मामले में दुकान संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। लाइसेंस निरस्त लैब से सैंपल जांच की रिपोर्ट आने के बाद किया जाएगा।

**- राजेंद्र कश्यप**, उप संचालक, कृषि विभाग रायपुर

### आरोपी की पतासाजी की जा रही

कृषि विभाग की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की गई है, लेकिन आरोपी संचालक अभी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

**- दीपेश जायसवल**, टीआई मुजगहन

# तेज रफ्तार हाइवा दुकान में घुसा हेल्पर इंजन में फंसा

**बलौदाबाजार।** जिले के पलारी में सोमवार को तेज रफ़्तार हाइवा से एक बड़ा हादसा हो गया। हाइवा अनियंत्रित होकर एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में जा घुसा। इस घटना से दुकान के परखच्चे उड़ गए। वहीं परिचालक को मशक्कत के बाद निकाला गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात शहर के ग्राम वटगन में एक हाइवा तेज रफ़्तार से आ रहा था। स्थानीय लोगों ने किसी तरह से ड्राइवर को बाहर निकाला और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है। उसका पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है।

दुकान गिरने की वजह से हाइवा मलबे में फंसा हुआ है और परिचालक को रेस्क्यू नहीं किया जा सका है। पिछले 16 घंटो से वह अंदर ही फंसा हुआ है और उसे निकालने की कोशिश जारी है। रात में दुर्घटना होने की वजह से दुकानदार और परिवार के सदस्यों की जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक झा, यातायात डीएसपी सहित पलारी थाना प्रभारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हाइवा के घुसते ही दुकान का हिस्सा भर भराकर हाइवा पर ही गिर गया, जिससे गाड़ी मलबे में दब गई। वहीं सड़क पर चल रहे लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पलारी पुलिस को दी। मौके पर तत्काल पलारी पुलिस पहुंची। 12 घंटे के बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और हेल्पर को निकालने की कोशिश की जा रही है।

- दो मंजीला दुकान हुई क्षतिग्रस्त, हेल्पर को निकालने जारी रहा अभियान

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### रामलला हुए 'बालकराम',...

कड़ाके की ठंड में भव्य मंदिर के कपाट खुलने से घंटों पहले से इंतजार करते रहे। पंजाब से आये भक्त मनीष वर्मा ने कहा, बहुत खुशी महसूस हो रही है, मेरे जीवन का उद्देश्य पूरा हो गया है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए संघर्ष किया और अब इसे साकार किया गया है। व्यवस्था इसी तरह जारी रहनी चाहिए और भगवान राम का नाम युगों-युगों तक कायम रहना चाहिए।

### अभी त्रेता युग...

जाएगा। यही नहीं, घर वापसी बहुतायत में कराई जाएगी। कोटा गुढ़ियारी में हनुमंत कथा के सिलसिले में राजधानी पहुंचे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से बातचीत में ये बातें कही। उन्होंने धर्मांतरण के मुद्दे में ये भी कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण नहीं चलेगा। भारत में रामराज्य आ चुका है। **अयोध्या से ननिहाल आए हैं**-बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा, अयोध्या में हम सीधे ननिहाल आए हैं। छत्तीसगढ़ हमारा ननिहाल है, हमारे मामाजी यहां रहते हैं। यहां के कण-कण और चप्पे-चप्पे में भगवान राम बसे हैं, इसलिए चिंता न करो।

### बिहार के पूर्व सीएम...

मोदी सरकार का आभार जताया है। कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने कहा कि हमें 36 साल की तपस्या का फल मिला है। मैं अपने परिवार और बिहार के 15 करोड़ों लोगों की तरफ से सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### कौन थे कर्पूरी ....

असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। इसके चलते उन्हें जेल में भी रहना पड़ा। साल 1945 में जेल से बाहर आने के बाद कर्पूरी ठाकुर धीरे-धीरे समाजवादी आंदोलन का चेहरा बन गए, जिसका मकसद अंग्रेजों से आजादी के साथ-साथ समाज के भीतर पनपे जातीय व सामाजिक भेदभाव को दूर करने का था ताकि दलित, पिछड़े और वंचित को भी एक सम्मान की जिंदगी जीने का हक मिल सके।

### लाखों किसान नहीं...

चुके हैं। इसके बाद भी बड़ी संख्या में किसान धान नहीं बेच पाएं है। बड़ी संख्या में किसानों ने केवल एक बार ही धान बेचा है जबकि हर किसान को धान बेचने के लिए तीन बार टोकन जारी करने का प्रावधान है।

### धान खरीदी की...

से भी धान खरीदी प्रभावित हुई है। आगे 25 से 28 तारीख को भी छुट्टी है। बारिश एवं छुट्टी के कारण जिसका टोकन कटा है उन किसानों की खरीदी आगे बढ़ेगी। शुरुआती दिनों में धान खरीदी की लिमिट कम रही, अगर अभी धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाती है तो भी समितियों में समितियों में परिवहन नहीं होने से जगह का अभाव है। श्री वर्मा ने 20 दिनों तक धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग की है। किसान नेता भूपेंद्र शर्मा ने धान खरीदी 15 फरवरी तक बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्य सचिव को ईमेल भेजा है।

### सोनी-जी समझौता...

कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अच्छी शुरुआत के बावजूद बाजार में अचानक से गिरावट शुरू हुई और यह अंत में नुकसान में रहा। इसका मुख्य कारण सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले खासकर वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली है। उन्होंने कहा, उच्च मूल्यांकन और कंपनियों के अबतक मिले-जुले वित्तीय परिणाम के साथ पश्चिम एशिया और लाल सागर में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने हाल की तेजी के बाद मुनाफावसूली को तरजीह दी। कंपनियों के तिमाही परिणाम आने के साथ आने वाले दिनों में बाजार में शेयर केंद्रित गतिविधियां देखने को मिल सकती है। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 6.13 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा एसबीआई (3.99 प्रतिशत), हिंदुस्तान यूनिलीवर (3.82 प्रतिशत), एक्सिस बैंक (3.41 प्रतिशत) और एचडीएफसी बैंक (3.23 प्रतिशत) में अच्छी-खासी गिरावट रही। दूसरी तरफ सन फार्मा, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड बढ़त में रहे। इनमें 3.67 प्रतिशत तक की तेजी रही। टीसीएस और बजाज फिनसर्व भी लाभ में रहे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 नुकसान में रहे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, फिच के बयान से वैश्विक धारणा सतर्क हुई है। उसने कहा है कि लाल सगर में संकट बढ़ने से दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्था सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। साथ ही समस्या लंबे समय तक बने रहने से भारत के आर्थिक अनुमान को लेकर काफी जोखिम है। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे। जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे। घरेलू शेयर बाजार 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण बंद थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई में शनिवार को सामान्य कारोबार हुआ था। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79.74 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वैश्विक संस्थागत निवेशकों ने शनिवार को 545.58 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स शनिवार को 259.58 अंक और निफ्टी 50.60 अंक टूटा था।

### अरविंद वर्मा हाईकोर्ट...

